(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि / पनिका / 26–350

दिनांक: 09.06.2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष,
सम सेमेस्टर –2026
सहयुक्त महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः सम सेमेस्टर 2026 की प्रयोगात्मक / मौखिक / इर्न्टनशिप एवं आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन समर्थ पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर 2026 की स्नातक / परास्नातक आदि पाठ्यक्रमों की द्वितीय सेमेस्टर 2026 की प्रयोगात्मक / मौखिक / इर्न्टनशिप एवं आंतरिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाइन समर्थ पोर्टल पर अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 20.06. 2026 निर्धारित की गयी है:

1. सम्बन्धित महाविद्यालयों के समर्थ लॉगिन पर विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त वाह्य परीक्षक का नाम एवं मो0 नं0 प्रदर्शित होगें, जिसकी सूची महाविद्यालय डाउनलोड कर परीक्षक से सम्पर्क कर निर्धारित विषयों की परीक्षा सम्पन्न करायेगें। समस्त परीक्षाएं सी0सी0टी0वी0 (वाइस रिकार्डर सहित) की निगरानी में अनिवार्य रूप से सम्पादित करायी जायेगी।
2. विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त वाह्य परीक्षक द्वारा परीक्षा कराये जाने के उपरान्त परीक्षक की लॉगिन के माध्यम से समर्थ पोर्टल पर अंक अपलोड किये जायेंगे, अपलोड की गयी सूची पर आंतरिक एवं वाह्य परीक्षक के हस्ताक्षरोपरान्त सूची अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में जमा की जायेगी।
3. जिन महाविद्यालयों में 10 से कम छात्र है, उन महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित तिथि तक अपने नजदीक के महाविद्यालय में परीक्षा कराये जाने की सूचना विश्वविद्यालय को देगें, विश्वविद्यालय द्वारा उनके छात्रों को सम्बन्धित महाविद्यालय में पोर्टल के माध्यम से समायोजित कर दिया जायेगा, तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा छात्रों को सूचित कर परीक्षा सम्पन्न न करायी जायेंगी।
4. उच्च शिक्षा अनुभाग–1 के शासनादेश के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी शिक्षण संस्थान (विश्वविद्यालय कैम्पस एवं महाविद्यालय) अपने संस्थान के यूट्यूब चैनल सृजित कर उस पर प्रायोगिक परीक्षाओं की लाइव स्ट्रीमिंग / अपलोड करेंगे, जो संस्थान के चैनल पर उपलब्ध रहेगी। सभी संस्थान निःशुल्क अपना यूट्यूब चैनल बनायेंगे, जिस पर अन्य विविध गतिविधियों को भी अपलोड कर सकते है। प्रत्येक महाविद्यालय अपने यूट्यूब चैनल का लिंक पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय को सूचित करेंगे।
5. समस्त छात्रों के प्रयोगात्मक / मौखिक / इर्न्टनशिप के अंक समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार किये जायेंगे, किसी भी दशा में ऑफलाइन अंक विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नही किये जायेंगे।

क्रमशः पेज दो पर।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त परीक्षाओं के प्रयोगात्मक एवं मौखिक एवं आंतरिक परीक्षाएं अनिवार्य रूप से दिनांक 20.06.2026 सम्पन्न कराकर साफ्ट कापी दिनांक 22.06.2026 तक परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे परीक्षाफल समयानुसार घोषित किये जा सकें। **उक्त तिथि के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा तिथि विस्तारित नही की जायेगी, जिसका सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित विभाग/महाविद्यालय का होगा।**

भवदीय,

9.6.2026

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षक, (मूल्यांकन एवं परीक्षाफल)।
4. उप कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)।
5. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

9.6.2026

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।